दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

स्वास्थ्य भारत अभियान यात्रा ने रैली निकाल कर किया जागरूक

स्वास्थ्य भारत यात्रा अभियान के तहत ब्यावर पहुंचे दल ने रविवार को शहर में रैली निकाल कर लोगों को हेल्दी खाने के...

Dainik Bhaskar

Dec 24, 2018, 02:11 AM IST

स्वास्थ्य भारत यात्रा अभियान के तहत ब्यावर पहुंचे दल ने रविवार को शहर में रैली निकाल कर लोगों को हेल्दी खाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उनके साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और ब्यावर एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की एएनएम, आशा कार्यकर्ता समेत अन्य शामिल रहे। टीम के साथ पणजी से आए पीयूष ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के 6 स्थानों लेह लद्दाख, पणजी, रांची, तिरूवंतपुरम, अगरतला और पांडूचेरी से एक साथ यात्रा को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर को पणजी से रवाना हुई यह यात्रा देश के 303 शहरो को कवर करती हुई 18 हजार किलोमीटर का सफर तय कर 27 जनवरी 2019 को दिल्ली में समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा से 7 हजार 500 से अधिक लोग जुडे हैं जो विभिन्न शहरों के मध्य साइकिल चलाकर यात्रा जारी रखे हुए हैं।

ब्यावर. रैली में शामिल स्वास्थ्य कार्यकर्ता।